डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से फेसलेस मंजूरी सुनिश्चित करके व्यापार करने में आसानी

कोविड-19 महामारी के दौरान व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने की दिशा में एक पहल के रूप में,इरेडा ने नए आवेदकों/मौजूदा उधारकर्ताओं के विभिन्न अनुरोधों के सुचारू प्रसंस्करण की सुविधा ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रदान की।

नए आवेदकों/मौजूदा उधारकर्ताओं को डिजिटल मोड का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों/अनुरोधों को ऑनलाइन जमा करने के लिए।

जब पूरे देश में यात्रा का प्रतिबंध और लॉकडाउन लगा दिया गया था तब व्यापार की निरंतरता को बनाएं रखने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नए आवेदकों/मौजूदा उधारकर्ताओं के साथ बैठकें की गई और वर्चुअल माध्यम से निरीक्षण आदि किए गए

इरेडा ने निम्नलिखित तीन परियोजनाओं को डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से इरेडा कार्यालय में उधारकर्ताओं के भौतिक दौरे के बिना फेसलेस स्वीकृति प्रदान किया। केवल ऋण समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए उधारकर्ताओं को इरेडा कार्यालय में बुलाया गया।

1. मैसर्स विजयनगर शुगर प्राइवेट लिमिटेड
2. मैसर्स जकराया शुगर लिमिटेड
3. मैसर्स ट्रांसटेक ग्रीन पावर प्राइवेट लिमिटेड